नियुक्तियों में पारदर्शिता बरतें : सिंह

दून में सोमवार को राज्यपाल व कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राज्य विवि के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

- विवि प्रतिनिधियों के साथ राज्यपाल ने की बैठक
- नवनियुक्त वीसी का शपथ ग्रहण राजभवन में होगा

देहरादून, मुख्य संवाददाता। राज्यपाल व राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों में होने वाली नियुक्तियों में पारदर्शिता बरतने को कहा है। साथ ही उन्होंने नवनियुक्त वीसी के शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल ने सोमवार को राजभवन में प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में स्वायत्तता, पारदर्शिता के साथ जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालयों में होने वाली हर तरह की नियुक्तियों के साथ ही कार्य परिषदों की बैठकों में लिए जाने वाले निर्णयों में भी पारदर्शिता रखी जाए। इसी प्रकार कॉलेजों की सम्बद्धता के प्रकरण भी तय मानकों के अनुसार राजभवन को भेजे जाएं। राज्यपाल ने कहा कि सभी विवि अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रैक्टिस की मासिक रिपोर्ट राजभवन को भेजना सुनिश्चित करें। सभी कुलपति विवि के लिए सीएसआर और एल्युमनाई स्कॉलरशिप की संभावनाओं की तलाश करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया कि अब विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजभवन में आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व कुलपतियों का शपथ ग्रहण आयोजित नहीं किया जाता था। बैठक में कुलपतियों ने अपने-अपने विश्वविद्यालय की संबद्धता के मामलों, विभिन्न नियुक्तियों, वर्षा जल संरक्षण, ई-ऑफिस, स्वच्छता अभियान का विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में सचिव राज्यपाल डॉ. रंजीत सिन्हा, सचिव रविनाथ रामन, सचिव डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय, सचिव (प्रभारी) डॉ. आर राजेश कुमार, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति भदौरिया सहित सभी विवि के कुलपति और अधिकारी उपस्थित हुए।

दिनांक 01/नवम्बर/2022
दैनिक - अखबार
पेपर - हिन्दुस्तान